अंधकार में युवाओं का भविष्य

सीमाओं पर भी जवाब दे सरकार : खरगे

नई दिल्ली, 19 अगस्त. कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार पर युवाओं, शिक्षा, रोजगार, धार्मिक संस्थानों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर निशाना साधा. खरगे ने कहा कि संसद सत्र के समापन के बाद पार्टी की यह पहली महत्वपूर्ण बैठक है और इसमें देश के सामने मौजूद ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चिंतन-मनन किया जाना चाहिए.

उन्होंने कांग्रेस नेताओं से सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने के साथ जनता के सामने वैकल्पिक नीति और समाधान रखने की भी अपील की. खरगे ने युवाओं को देश की सबसे बड़ी सामूहिक चिंता बताते हुए कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में है और युवा देश का भविष्य हैं. उनके मुताबिक, सरकार की नीतियों के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है. उन्होंने शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए दावा किया कि हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में स्कूल बंद हुए हैं और उच्च शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है. कांग्रेस अध्यक्ष ने युवाओं के संदर्भ में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भी याद किया. उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने अपनी नीतियों के केंद्र में युवाओं को रखा था. खरगे ने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष किए जाने, जवाहर नवोदय विद्यालयों के विस्तार और राष्ट्रीय युवा दिवस से जुड़े कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में शिक्षा के साथ रोजगार और कौशल विकास को जोड़ने पर जोर दिया गया था.

खरगे ने रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा. उन्होंने कहा कि पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश करने वाले युवाओं के सामने पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और नियुक्तियों में देरी जैसी समस्याएं हैं. उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों का सबसे ज्यादा असर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं पर पड़ता है.

> कांग्रेस अध्यक्ष ने राम मंदिर से जुड़े चढ़ावे और कथित वित्तीय अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने दावा किया कि आम लोगों ने श्रद्धा और भरोसे के साथ मंदिर के लिए दान दिया, लेकिन अब कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं. उन्होंने सरकार से इस मामले पर जवाब देने की मांग की. चीन के साथ सीमा विवाद का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, लेकिन सीमाओं की वास्तविक स्थिति को लेकर सरकार को देश की जनता के सामने स्पष्ट जानकारी रखनी चाहिए.

इमरान को अस्पताल भेजने पर भिड़ी सरकार

इमरान खान की तबीयत पर बढ़ा विवाद, सरकार कोर्ट जाएगी

- **पाक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को चुनौती देगी**
- **कानून मंत्री आजम नजीर ने फैसले की जानकारी दी**

इस्लामाबाद, 19 अगस्त. पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को निजी अस्पताल भेजने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सरकार और न्यायपालिका आमने-सामने आ गई हैं. पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार देर रात स्पष्ट किया कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देगी. पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने एक वीडियो बयान में सरकार के फैसले की जानकारी दी. यह बयान सरकारी प्रसारक रेडियो पाकिस्तान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया.

कानून मंत्री ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश कानून की तय सीमाओं के भीतर नहीं आता. उन्होंने कहा कि सरकार इस फैसले के खिलाफ कानूनी रास्ता अपनाएगी. सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद इमरान खान को चिकित्सकीय जांच के लिए निजी अस्पताल ले जाने का निर्देश दिया था.

> इमरान लंबे समय से जेल में हैं. उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर उनके समर्थक और उनकी पार्टी लगातार सवाल उठाते रहे हैं. ऐसे में अदालत का निजी अस्पताल में जांच कराने का आदेश उनके इलाज को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा था. हालांकि सरकार की ओर से आदेश को चुनौती देने के फैसले के बाद मामला फिर कानूनी और राजनीतिक विवाद में बदल गया है. पाकिस्तान में इमरान खान की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ चल रहे मामलों को लेकर पहले से ही राजनीतिक तनाव बना हुआ है. ऐसे में उनके स्वास्थ्य से जुड़ा यह मामला भी राजनीतिक और न्यायिक बहस का हिस्सा बन गया है.

ज्यूरिख में दाल-चावल भी जेब पर भारी, कीमत 2500 पार

- **महंगी सेवाएं और ऊंची मजदूरी ने बढ़ाई रोजमर्रा की कीमत**

ज्यूरिख, 19 अगस्त. स्विट्जरलैंड का ज्यूरिख दुनिया के उन शहरों में शामिल है, जहां जीवन-यापन की लागत आम लोगों को हैरान कर सकती है. यहां एक साधारण भारतीय दाल-चावल या शाकाहारी भोजन के लिए भी 20 से 30 स्विस फ्रैंक खर्च करने पड़ सकते हैं.

भारतीय मुद्रा में यह रकम 2500 रुपये से अधिक बैठ सकती है. यही वजह है कि भारत से ज्यूरिख जाने वाले पर्यटकों को यहां खाने-पीने से लेकर आने-जाने तक हर चीज की कीमत काफी ज्यादा महसूस होती है. ज्यूरिख को दुनिया के सबसे महंगे शहरों की विभिन्न वैश्विक सूचियों में लगातार ऊंची जगह मिलती है. सिंगापुर, जिनेवा, हांगकांग और न्यूयॉर्क जैसे शहर भी महंगे शहरों की सूची में शामिल रहते हैं. ज्यूरिख में महंगाई केवल रेस्तरां के खाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आवास, सार्वजनिक परिवहन, किराना सामान और विभिन्न सेवाओं की कीमत भी काफी अधिक है.

अमेरिका में मेटा के खिलाफ मुकदमा

वॉशिंगटन, 19 अगस्त। बच्चों और किशोरों के सोशल मीडिया इस्तेमाल को लेकर अमेरिका में मेटा के खिलाफ एक बड़ी कानूनी लड़ाई शुरू हो गई है. फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा पर आरोप है कि उसने ऐसे डिजाइन और फीचर विकसित किए, जो बच्चों को बार-बार अपने प्लेटफॉर्म पर लौटने और लंबे समय तक ऑनलाइन बने रहने के लिए प्रेरित करते हैं. 29 राज्यों के गठबंधन ने कंपनी के खिलाफ संघीय अदालत का रुख किया है. मामले की सुनवाई शुरू होने के साथ ही अब यह सवाल केंद्र में आ गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बच्चों की ऑनलाइन आदतों और मानसिक सुरक्षा को लेकर कितनी जिम्मेदारी निभाते हैं.

मराठी बिना टैक्सी चलाना मुश्किल

महाराष्ट्र में आरटीओ की टीमें आज से करेंगी ड्राइवरों का सत्यापन

मुंबई, 19 अगस्त. महाराष्ट्र में अब मराठी भाषा का कामचलाऊ ज्ञान नहीं रखने वाले ऑटो-रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए परेशानी बढ़ सकती है. राज्य सरकार ने ऐसे चालकों के खिलाफ 20 अगस्त से पूरे महाराष्ट्र में विशेष जांच अभियान शुरू करने का फैसला किया है. अभियान एक महीने तक चलेगा. परिवहन विभाग की टीमें ऑटो और टैक्सी चालकों की जांच कर यह पता लगाएंगी कि उन्हें मराठी भाषा का आवश्यक ज्ञान है या नहीं.

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि जिन चालकों को मराठी का कामचलाऊ ज्ञान नहीं होगा, उन्हें तत्काल लाइसेंस रद्द करने के बजाय पहले नोटिस दिया जाएगा. इसके बाद उन्हें मराठी सीखने के लिए तीन महीने की मोहलत मिलेगी. अगर तीन महीने बाद भी चालक मराठी नहीं सीखता है तो उसका लाइसेंस और पहचान-पत्र निलंबित किया जा सकता है. पुरे राज्य में अभियान की निगरानी अतिरिक्त परिवहन आयुक्त रवि गायकवाड़ करेंगे. क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की उड़नदस्ते की टीमें अलग-अलग स्थानों पर ऑटो और टैक्सी चालकों की जांच करेंगी. जांच के दौरान सत्यापन की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी, ताकि पूरी प्रक्रिया का रिकॉर्ड मौजूद रहे. इस फैसले का असर खास तौर पर उन ड्राइवरों पर पड़ सकता है जो उत्तर प्रदेश, बिहार और दूसरे राज्यों से महाराष्ट्र आकर ऑटो या टैक्सी चलाते हैं.

अतीत नहीं भूलेंगे, पर आगे बढ़ेंगे, बांग्लादेश को संदेश

रहमान मुलाकात से पहले भारत ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली, 19 अगस्त. भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में लंबे समय से कई मुद्दे अटके हुए हैं. ऐसे वक्त में बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी का बयान काफी मायने रखता है.



उन्होंने साफ कहा कि अतीत को भूलने की जरूरत नहीं है, लेकिन उसमें अटके रहना भी सही नहीं है. उनका संदेश सीधा है, मतभेद हैं तो बातचीत कीजिए और आगे बढ़िए. खास बात यह है कि यह बयान ऐसे समय आया है, जब बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित मुलाकात को लेकर उम्मीदें बढ़ रही हैं. उन्होंने कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात के बाद लंबित मुद्दों को निश्चित रूप से सुलझाया जा सकता है. यानी भारत की तरफ से रिश्तों को फिर पटरी पर लाने का संकेत साफ दिखाई दे रहा है.

यूएस में छाया फडणवीस का मॉडल

अमेरिकी राजदूत ने महाराष्ट्र गवर्नेंस को सराहा

मुंबई, 19 अगस्त. भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने महाराष्ट्र की तरक्की की तारीफ की है. उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आधुनिक गवर्नेंस को आगे बढ़ाने वाला गतिशील और ऊर्जावान नेता बताया है.

सर्जियो ने बुधवार को प्रौद्योगिकी , ऊर्जा और स्वास्थ्य देखभाल पर द्विपक्षीय बातचीत के साथ-साथ एक अहम आर्थिक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि महाराष्ट्र दो मुख्य वजहों से दुनिया का ध्यान खींचता है , मुंबई का आर्थिक पावरहाउस होना और मुख्यमंत्री फडणवीस का शानदार नेतृत्व. उन्होंने हाई-टेक सेक्टर, डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और उन्नत स्वास्थ्य देखभाल में अमेरिका-भारत सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए मुंबई में मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाक़ात की. इस उच्च स्तरीय बातचीत में स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े अहम प्रोजेक्ट्स को और मज़बूत किया गया, जिसमें राज्य के बड़े अरबों डॉलर के चिकित्सा पारिस्थितिकी तंत्र को क्लीवलैंड क्लिनिक जैसे प्रमुख अमेरिकी संस्थानों के साथ जोड़ना शामिल है.

पैलेट गन के छर्रों ने छीन ली आंखें

- **जंतर-मंतर बर्बरता के घाव एक माह बाद भी नहीं भरे**

नई दिल्ली, 19 अगस्त. संसद मार्च के दौरान पैलेट गन के छर्रों से घायल हुए प्रदर्शनकारियों की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है.

नजफगढ़ निवासी 19 वर्षीय छात्र साहिल लोचव की दायीं आंख की रोशनी दूसरी सर्जरी के बाद भी वापस नहीं लौटी है. आंख में छर्रे लगने से कॉर्निया में छेद हो गया था. एम्स में 31 जुलाई को दोबारा सर्जरी की गई और आंख में लेंस डाला गया, लेकिन अभी तक रोशनी नहीं लौटी है. मध्य प्रदेश के जबलपुर निवासी इरशाद मंसूरी के चेहरे, आंख के आसपास, छाती और शरीर के अन्य हिस्सों में करीब 40 छर्रे लगने की जानकारी दी गई है. 21 जुलाई को लेडी हार्डी मेडिकल कॉलेज में सर्जरी हुई, जिसमें कुछ छर्रे निकाले गए. हालांकि, शरीर में कुछ धातु के छर्रे मौजूद हैं.

ओबीसी जागा जो खैर नहीं

जातीय गणना पर राहुल ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली, 19 अगस्त. जातीय जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. ओबीसी विभाग के एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने जेन-जी विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि अगर ओबीसी समाज भी उसी तरह सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों की मांग करने लगे तो सरकार के सामने क्या स्थिति होगी.

राहुल ने कहा कि ओबीसी समाज की आबादी काफी बड़ी है और यदि यह वर्ग अपने अधिकारों को लेकर व्यापक स्तर पर लामबंद होता है तो सरकार पर राजनीतिक दबाव बढ़ सकता है. उन्होंने जातीय जनगणना को ओबीसी की आबादी और प्रतिनिधित्व से जोड़ते हुए कहा कि केवल जातीय गणना की घोषणा पर्याप्त नहीं है, बल्कि आंकड़ों में विभिन्न सामाजिक समूहों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए.

> कांग्रेस नेता ने दावा किया कि केंद्र सरकार पहले जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य दलों की ओर से मांग उठाए जाने के दौरान मांग करने वालों को लेकर भी सरकार की ओर से सवाल उठाए गए थे. राहुल के मुताबिक, बाद में बढ़ते राजनीतिक दबाव के बीच जातीय गणना को जनगणना में शामिल करने का फैसला किया गया. उन्होंने जातीय गणना की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए. राहुल गांधी का कहना है कि ओबीसी की आबादी और सरकारी संस्थानों में उसके प्रतिनिधित्व की सही तस्वीर सामने आना जरूरी है.

एक नजर में

आजम खान के 10 ठिकानों पर ईडी की रेड



लखनऊ. समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान से जुड़े परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह बड़ी कार्रवाई की. जांच एजेंसी ने उत्तर प्रदेश के रामपुर और सहारनपुर तथा दिल्ली में करीब 10 ठिकानों पर एक साथ तलाशी शुरू की. कार्रवाई का संबंध मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच से बताया जा रहा है.

अंकिता के हत्यारों को झटका

नैनीताल. उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को उच्च न्यायालय से जमानत नहीं मिल पाई है. अदालत ने बुधवार को तीनों की जमानत अर्जी खारिज कर दी. अंकिता हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के जमानत प्रार्थना पत्र पर आज न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ सुनवाई हुई. आरोपियों की ओर से कहा गया कि वह निर्दोष हैं. अभियोजन पक्ष की ओर से उन्हें फंसाने के लिए झूठी कहानी गढ़ी गई है. तथ्य और सुबूत उनके खिलाफ हैं.

लुधियाना के पिज्जा आउटलेट पर फायरिंग

लुधियाना. लुधियाना के पॉश इलाके भाई रणधीर सिंह नगर में मंगलवार देर रात पिज्जा आउटलेट पर हुई फायरिंग ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया. हमलावर दुकान के अंदर दाखिल हुए और महज तीन सेकंड के भीतर लगातार तीन गोलियां चलाकर मौके से फरार हो गए. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. फुटेज के आधार पर पुलिस अब हमलावरों की पहचान और उनकी तलाश में जुटी हुई है.

हस्तियों के ट्वीट

वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व केंद्र सरकार में मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आधुनिक त्रिपुरा के निर्माता महाराजा बीर बिक्रम माणिक्य बहादुर जी को उनकी जयंती पर याद करते हुए. शिक्षा, संस्कृति और अवसंरचना के क्षेत्र में उनकी दूरदर्शी सोच ने त्रिपुरा की प्रगति की नींव रखी.

भारतीय उद्योगपति नवीन जिंदल ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आज सुबह पुंडरी की बेटी अलीशा और उनके परिवार से मिलने का सुअवसर मिला. तमाम बाधाओं और चुनौतियों को पार करते हुए अलीशा एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं. जब हमारी कोई बेटी आगे बढ़ती है, तो उसका पूरा परिवार और पूरा समाज उसकी ताकत बनकर खड़ा रहता है.

मंजूरी | **बिहार-बंगाल समेत 5 राज्यों को 13 हजार करोड़ की परियोजनाएं**

रेल नेटवर्क पर केंद्र का बड़ा दांव

नई दिल्ली, 19 अगस्त. केंद्रीय कैबिनेट ने भारतीय रेल और सड़क नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने वाली पांच बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है. सरकार के अनुसार, इन परियोजनाओं पर कुल करीब 13,041 करोड़ खर्च होंगे.



चार रेल परियोजनाओं की कुल लागत करीब 9,450 करोड़ है, जबकि बिहार की 4 लेन हाईवे परियोजना पर करीब 3,591 करोड़ खर्च किए जाएंगे. चारों रेल परियोजनाएं पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के कुल आठ जिलों को कवर करेंगी. इनके पूरा होने के बाद रेलवे नेटवर्क में करीब 410 किलोमीटर अतिरिक्त क्षमता जुड़ने की उम्मीद है. सरकार ने इन परियोजनाओं को वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है. रेल परियोजनाओं में खड़गपुर-भद्रक रानीताल चौथी लाइन शामिल है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 3,352 करोड़ है. इसके अलावा भद्रक-हरिदासपुर चौथी लाइन के लिए करीब 1,583 करोड़ मंजूर किए गए हैं. दक्षिण भारत में गुम्मिडिपुंडी-गुडूर तीसरी और चौथी लाइन परियोजना पर करीब 2,229 करोड़ खर्च किए जाएंगे. वहीं, कटक-पारादीप तीसरी और चौथी लाइन के लिए करीब 86 करोड़ की मंजूरी दी गई है.

> **बिहार में बनेगा 4 लेन हाईवे**
> कैबिनेट ने बिहार के लिए मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा 4 लेन हाईवे परियोजना को भी मंजूरी दी है. इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 3,591 करोड़ है. इसके बनने से उत्तर बिहार के कई इलाकों के बीच सड़क संपर्क बेहतर होने की उम्मीद है. सरकार के मुताबिक, बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से यात्रियों और माल की आवाजाही आसान होगी. केंद्र के अनुसार, इन पांच परियोजनाओं का व्यापक उद्देश्य परिवहन क्षमता बढ़ाना, व्यस्त मार्गों पर दबाव कम करना और देश के अलग-अलग हिस्सों के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करना है.

हाफिज सईद ने 10 हजार आतंकियों को कश्मीर भेजा

- **नसीर मदनी ने आतंकी सरगना का बचाव किया**
- **उसे बताया 'कुर्बानी देने वाला' शख्स**

इस्लामाबाद, 19 अगस्त. पाकिस्तान के भारत विरोधी बयानों के लिए चर्चित मौलवी नसीर मदनी ने लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को लेकर चौंकाने वाला दावा किया है.

मदनी ने कहा कि हाफिज सईद ने 10 हजार से अधिक लोगों को कश्मीर भेजा था. उन्होंने यह बयान बहावलनगर में आयोजित एक सभा के दौरान दिया, जिसका संबंध प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से बताया जा रहा है. मदनी ने अपने भाषण में हाफिज सईद का बचाव करते हुए

उसे देशभक्त और कुर्बानी देने वाला व्यक्ति बताया. उन्होंने सईद के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह जेल में बंद है, लेकिन उसके खिलाफ ठोस सबूत नहीं हैं. अपने तर्क के दौरान मदनी ने सईद की कथित गतिविधियों को सामान्य अपराधों से अलग बताने की कोशिश की.

आज का इतिहास

1955 – मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकड़ों लोग मारे गए.
1972 – तत्कालीन सोवियत रुस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया.
1979 – पीएम चौधरी चरण सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दिया.
1988 – भारत और नेपाल में 6 .5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई.
1998– लिएंडर पेस ने पीट सम्प्रास को हराकर पायलेट पेन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता जीता.
2001 – स्पेन में भारतीय चैम्पियन विश्वनाथन आनन्द ने स्पेन के अलेक्सेई शिरोव को शिकस्त देकर विलारोडेज शतरंज चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता.

ईरान पर यूएई का बड़ा एक्शन सभी व्यापारिक रिश्ते रोके

अबू धाबी, 19 अगस्त. मध्य पूर्व में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है. संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों, आदान-प्रदान और वित्तीय लेनदेन को अगले आदेश तक रोकने का ऐलान किया है.

तालाब में रहने मजबूर इकबाल की मदद को आगे आए अनंत अंबानी

कोलकाता. मुर्शिदाबाद के बेलडांगा के किशोर इकबाल, जो एक दुर्लभ चिकित्सकीय समस्या के कारण लंबे समय तक तालाब में रहने को मजबूर था, को विशेष इलाज के लिए मुंबई लाया गया है. रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी के निर्देश पर किशोर को एयरलिफ्ट कर मुंबई के सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ डाक्टर उसकी जांच और उपचार करेंगे.

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा
लिमिटेड टेण्डर सिंगल पैकेट

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण-II), पश्चिम मध्य रेलवे, सतना निम्नलिखित कार्य के लिए खुली (लिमिटेड) ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** डिप्टी.सी.ई.सी-द्वितीय-सतना-02-2026 **कार्य का विवरण:** करही-सगमा कॉर्ड लाइन और करही-कैमा फ्लाईओवर के लिए अलाइनमेंट की मार्किंग, टी बी एम और लैंड बाउंड्री पोस्ट लगाना, जियोटेक्निकल जाँच, पुलों का स्ट्रक्चरल डिजाईन और ई पी सी टेण्डर डॉक्यूमेंट तैयार करने का कार्य। **निविदा बन्द होने की तारीख:** 04.09.2026 **अनुमानित लागत:** ₹ 97,19,086.41. पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा उप मुख्य अभियंता, पश्चिम मध्य रेलवे, सतना के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे। ई-निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा ऑफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे।
(हस्ता.)
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण-द्वितीय), प.म.रे., सतना
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला सतना (म.प्र.)
क्र./365/प्रवा./अपर कले./26
सतना, दिनांक 23.07.2026
//सार्वजनिक सूचना//
विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत
.....00.....
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पेन्द्र कुशवाहा पिता श्री श्रीनिवास कुशवाहा उम्र. 40 वर्ष (01.04.1986), स्थिति तलाकशुदा स्थायी निवासी वार्ड नं. 08, हनुमान नगर नई बस्ती थाना कोलगवां तहसील रघुराजनगर, जिला सतना म.प्र. 485001 एवं आवेदिका सरोज कुशवाहा पिता स्व. श्री रमेश कुशवाहा पिता स्व. श्री रामखेलावन कुशवाहा भाई का नाम दीपक कुशवाहा उम्र 32 वर्ष (01.11.1993) स्थिति विधवा स्थायी निवासी 1259, सिद्धनगर नई बस्ती, वार्ड नं. 58 तहसील भान तलैया थाना हनुमानताल तहसील भान तलैया, जिला जबलपुर म.प्र. 482001 हाल निवास ग्राम बड़खुरा पोस्ट वीरा थाना उचेहरा तहसील उचेहरा जिला सतना म.प्र. 485661 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 19.01.2026 को प्रस्तुत किया गया है.
उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 25.08.2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है. अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.
आज दिनांक 23.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया.
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-सतना (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)
ई निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक /3940/कर्मशाला/2026 सीधी, दिनांक 18/08/2026
नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	निविदा क्र.	ई.टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	निविदा विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई.निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की समयावधि	ई.निविदा क्रय अंतिम दिनांक
1.	3940	2026_UAD_530552_1	Supply of fire fighting equipment and chemicals	I call	1000000.00	10000.00	2000.00	12 Month	05-09-26
2.	3941	2026_UAD_530573_1	Maintenace work of different type of vehiclesh	I call	2800000.00	21000.00	5000.00	12 Month	19-09-26

नोटः- निविदा क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद सीधी की कर्मशाला शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीधी